web : www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, मंगलवार 29 जनवरी 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-120

## देश को धोखा देने और लूटने वालों को नहीं छोड़ेंगे:मोदी

मदुरै रैली में बोले पीएम



**मदुरै (आरएनएस)।** अपने तमिलनाडु दौरे के विरोध के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मदुरै में एम्स (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान) का शिलान्यास किया। पीएम मोदी ने इस दौरान एक सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा। पीएम ने अपने संबोधन में जनरल कैटिगरी आरक्षण का विरोध करने पर मुख्य विपक्षी पार्टी डीएमके को भी घेरा। पीएम ने स्वच्छ भारत अभियान के जरिए ग्रामीण स्वच्छता में भारी इजाफा होने की बात कही।

**देश को धोखा देने, लूटने वालों को नहीं छोड़ेंगे-** पीएम ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि उनकी सरकार ने देश को भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद से छुटकारा दिलाने के लिए प्रभावशाली कदम उठाए हैं। 50 वर्षों से जो काम नहीं हुए थे, वे इस सरकार में हुए हैं। मोदी ने आर्थिक अपराधियों विजय माल्या, नीरव मोदी और मेहुल चोकसी का स्पष्ट संदर्भ देते हुए कहा, ऐसे किसी भी व्यक्ति को, जिसने देश को धोखा दिया है अथवा लूटा है, न्याय के दायरे में लाया जाएगा।

**महागठबंधन पर पीएम ने कसा तंज-** पीएम मोदी ने सवर्ण जाति के आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का विरोध करने वाले लोगों पर निशाना साधते हुए कहा कि तमिलनाडु में कुछ लोग अपने हित साधने के लिए संदेह और अविश्वास का माहौल बना रहे है। उन्होंने विपक्षी पार्टियों के प्रस्तावित महागठबंधन पर तंज करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों में इस चौकीदार को हटाने के लिए उन्होंने अपने मतभेद भुला दिए हैं।

**जनरल कोटा के विरोध पर डीएमके को घेरा-** मोदी ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि तमिलनाडु में कुछ लोग अपने हित साधने के लिए संदेह और अविश्वास का माहौल बना रहे है। राज्य में विपक्षी डीएमके और कुछ अन्य पार्टियों ने 10 प्रतिशत आरक्षण का विरोध करते हुए कहा है कि केवल सामाजिक पिछड़ों को आरक्षण के लिए मानक बनाया जाना चाहिए। डीएमके ने दस प्रतिशत ईडब्ल्यूएस आरक्षण के लिए संविधान में संशोधन को मद्रास हाई कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसके बाद कोर्ट ने केंद्र को नोटिस जारी किया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सामान्य श्रेणी के आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों (ईडब्ल्यूएस) के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण के प्रावधान से दलितों, जनजातियों और अन्य के लिए मौजूदा आरक्षण व्यवस्था पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा और रोजगार में सभी को अवसर प्रदान करने की भावना के साथ ईडब्ल्यूएस कोटा लागू किया गया था। उन्होंने कहा, इसी भावना के साथ यह निर्णय लिया गया है जिसका दलित, जनजातीय लोगों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

## वंदे भारत एक्सप्रेस के नाम के जानी जाएगी ट्रेन-18



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पूरी तरह से स्वदेश निर्मित ट्रेन 18 का नाम वंदे भारत एक्सप्रेस होगा। रेल मंत्री पीयूष गोयल ने यह जानकारी दी है। सेफ्टी क्लियरेंस, ट्रायल्स और टेस्ट्स पास कर लेने के बाद देश में निर्मित सेमी-हाईस्पीड ट्रेन 18 यात्रियों की सेवा के लिए तैयार है। अधिकारियों का कहना है कि ट्रेन 18 के टिकट शताब्दी के मुकाबले 40 से 50 प्रतिशत तक महंगे होंगे।

अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने ट्रेन 18 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरी झंडी दिखाएं, इसके लिए प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) से संपर्क किया गया है। पहली ट्रेन 18 नई दिल्ली और वाराणसी के बीच चलेगी। वाराणसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लोकसभा क्षेत्र है।

उन्होंने कहा, इंजनलेस ट्रेन 18 का ट्रैक्शन इक्विपमेंट बोगियों के नीचे लगे हैं। इसे सरकार के इलेक्ट्रिक इंस्पेक्टर (EIG) ने गुरुवार को हरी झंडी दे दी। इसलिए, हमने नई दिल्ली-वाराणसी रूट पर ट्रेन 18 के उद्घाटन के समय की मांग के लिए पीएमओ से संपर्क किया है।

इसी महीने रेल मंत्री पीयूष गोयल ने कहा था कि ट्रेन 18 नई दिल्ली और वाराणसी के बीच चलेगी।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### भारत पर्व में छत्तीसगढ़ व्यंजनो की महक

#### 31 जनवरी को संस्कृतिक कार्यक्रम "लोक-धरोहर" की होगी प्रस्तुती

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश की राजधानी दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले में आयोजित भारत पर्व में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजनों की महक बिखरी हैं। आयोजन स्थल में स्टॉल नम्बर 49 व 50 छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजनों का हैं। प्रदेश की राजधानी रायपुर के गढ़कलेवा से सात सदस्यीय दल की सदस्या मंजू ने बताया कि, बड़ी संख्या में आगंतुक छत्तीसगढ़ के व्यंजनों का लुफ्त यहां उठा रहे हैं। 31 जनवरी की दोपहर 1:45 बजे से छत्तीसगढ़ के लोक-कलाकारों द्वारा ''लोक-धरोहर'' नाम से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुती दी जायेगी। भारत पर्व में छत्तीसगढ़ के स्टॉल में स्थानीय व्यंजन जैसे-चीला, फरा, उड़द बड़ा, मूंग बड़ा, जिमी कॉंदा, कढ़ी-चावल, खुरमी आदि अन्य स्थानीय पारम्परिक व्यंजनों का स्वाद यहां आकर ले सकते हैं। स्टॉल नम्बर 8 व 9 छत्तीसगढ़ हैण्डीक्राफ्ट व हैण्डलूम का हैं जहां डोकरा आर्ट, बेल मेटल, हर्बल व कोसे के वस्त्र सहित हस्तशिल्प-हथकरघा के विभिन्न उत्पाद बिक्री हेतु उपलब्ध हैं।

### लालू यादव को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मिली जमानत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने आईआरसीटीसी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राजद प्रमुख लालू प्रसाद, पत्नी राबड़ी देवी, बेटे तेजस्वी और अन्य को नियमित जमानत दी है। इस मामले में अगली सुनवाई अब 11 फरवरी को होगी। इससे पहले आईआरसीटीसी घोटाले से जुड़े दो मामलों में दिल्ली की एक अदालत ने 19 जनवरी को राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद की अंतरिम जमानत अवधि 28 जनवरी तक के लिए बढ़ा दी थी। विशेष न्यायाधीश अरुण भारद्वाज ने इन मामलों में लालू की पत्नी राबड़ी देवी और उनके बेटे तेजस्वी यादव की अंतरिम जमानत अवधि भी 28 जनवरी तक के लिए बढ़ाई थी। अदालत ईडी के मामले में लालू और अन्य की नियमित जमानत याचिका पर अपना आदेश सुनाया। ये मामले आईआरसीटीसी के दो होटलों के संचालन के ठेके निजी कंपनियों को सौंपने में हुई कथित अनियमितताओं से जुड़े हैं।

### बजट सत्र से पहले नायडू, महाजन ने बुलाई सर्वदलीय बैठकें

**नई दिल्ली(आरएनएस)।** राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू और लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने 31 जनवरी से शुरू हो रहे संसद के बजट सत्र से पहले अलग-अलग सर्वदलीय बैठकें बुलाई हैं। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि महाजन ने 30 जनवरी को ऐसी बैठक बुलाई है, वहीं नायडू ने 31 जनवरी की सुबह उच्च सदन में सभी दलों के नेताओं को बैठक के लिए आमंत्रित किया है। यह बजट सत्र आगामी आम चुनावों से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली मौजूदा राजग सरकार का अंतिम संसद सत्र होगा। नायडू और महाजन ने इस सत्र में दोनों सदनों में कामकाज सुगमता से चलाने के उद्देश्य से बैठकें बुलाई हैं।

### हाई कोर्टों के हर जज के सामने करीब 4,500 मामले लंबित: सरकार

**नई दिल्ली(आरएनएस)।** विधि मंत्रालय के अनुसार प्रत्येक हाई कोर्ट के जज के सामने लगभग 4,500 लंबित मामले हैं जबकि अधीनस्थ न्यायपालिका के प्रत्येक जज को लगभग 1,300 लंबित मामलों का निपटारा करना है। राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड के अनुसार, 2018 के अंत में, जिला और अधीनस्थ अदालतों में 2.91 करोड़ मामले लंबित थे जबकि 24 उच्च न्यायालयों में 47.68 लाख मामले लंबित थे। तेलंगाना का अपना उच्च न्यायालय बनने के बाद एक जनवरी से देश में उच्च न्यायालयों की संख्या 25 हो गई है।


## प्रियंका गांधी की राजनीति में एंट्री पर बोले सुशील मोदी- 'चुनाव कोई ब्यूटी कांटेस्ट नहीं'



**कोलकाता (आरएनएस)।** लोकसभा चुनाव से ऐन पहले प्रियंका गांधी की राजनीति में एंट्री को लेकर बिहार के उप-मुख्यमंत्री और बीजेपी के वरिष्ठ नेता सुशील मोदी ने बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि 'चुनाव कोई ब्यूटी कांटेस्ट नहीं है' और जनता पिछली परफॉर्मेंस के आधार पर वोट देती है। हावड़ा में एक रैली में शामिल होने आए सुशील मोदी ने कहा- चुनाव न ही कोई कुश्ती की लड़ाई है और न ही ये अन्य तरह का प्रतिस्पर्धा है। उन्होंने कहा- चुनाव एक राजनीतिक लड़ाई है और जनता यहां पर परफॉर्मेंस के आधार पर वोट करती है। सुशील मोदी की यह टिप्पणी कांग्रेस को नागवार गुजरी। उन्होंने बीजेपी पर यह आरोप लगाया कि जब से प्रियंका गांधी की राजनीति में एंट्री हुई है बीजेपी में घबराहट और वे गांधी परिवार के खिलाफ अनर्गल बातें कर रही है।

कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य और पश्चिम बंगाल के पूर्व कांग्रेस के चीफप्रदीप भट्टाचार्य ने कहा- गांधी परिवार के खिलाफ अनर्गल बातों से यह साबित होता है कि वे (बीजेपी) डर गए हैं। वे जानते है कि यह परिवार भारतीय राजनीति को बदल कर रख देगी। इसलिए, वे घबराहट में इस तरह के बयानबाजी कर रहे हैं।

## स्वाइन फ्लू: दिल्ली-एनसीआर में जनवरी में ही 267 मामले, राजस्थान में अबतक 70 मौतें




**नई दिल्ली(आरएनएस)।** दिल्ली-एनसीआर में स्वाइन फ्लू वायरस तेजी से फैल रहा है। नए साल का एक महीना भी नहीं हुआ है और राजधानी दिल्ली में 267 मामलों की पुष्टि हो चुकी है। जबकि पिछले पूरे साल में 205 मामले सामने आए थे। एक जनवरी से अब तक आरएमएल हॉस्पिटल में स्वाइन फ्लू से 6 लोगों की जान जा चुकी है, जबकि पिछले साल केवल दो लोगों की मौत हुई थी। बता दें कि राजस्थान में स्वाइन फ्लू की स्थिति गंभीर है और वहां अबतक 70 लोगों की मौत हो चुकी है। इसके साथ ही गुजरात के बडोदरा में पांच और उत्तराखंड में 13 लोगों के मौत की पुष्टि हुई है। इस साल न सिर्फ HvNv के मामले तेजी से सामने आ रहे हैं बल्कि वायरस का खतरनाक रूप भी दिख रहा है। इलाज के बाद भी अब तक कई लोगों की मौत हो चुकी है। कई अलग-अलग प्राइवेट हॉस्पिटल में भी मौतें हुई हैं।

## कांग्रेस विधायकों से नाराज सीएम कुमारस्वामी ने पद छोड़ने की दी धमकी



**बेंगलुरु (आरएनएस)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री और जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी ने सिद्धारमैया कैंप की ओर से हो रहे हमलों से आहत होकर पद छोड़ने की धमकी दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विधायक अपनी सीमा लांघ रहे हैं और कांग्रेस नेता उन पर लगाम लगाएं। बता दें कि कुमारस्वामी का बयान ऐसे समय पर आया है जब सिद्धारमैया के समर्थक विधायकों ने उन्हें अपना सीएम बताया था।

कर्नाटक के सीएम कुमारस्वामी ने सोमवार को सिद्धा समर्थकों के बयान पर मीडिया से बातचीत में कहा, 'कांग्रेस नेतृत्व को इन सब मुद्दों को देखना होगा। मैं इसको लेकर बहुत चिंतित नहीं हूं। यदि वे इन सबके साथ जारी रखना चाहते हैं तो मैं पद छोड़ने के लिए तैयार हूं। वे सीमा रेखा लांघ रहे हैं...कांग्रेस नेताओं को अपने विधायकों को नियंत्रण में रखना होगा।' इस बीच सीएम कुमारस्वामी के पद छोड़ने की धमकी पर कांग्रेस की ओर से भी बयान आया है। राज्य के डेप्युटी सीएम और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जी परमेश्वरा ने कहा, 'सिद्धारमैया सर्वश्रेष्ठ मुख्यमंत्री रहे हैं। वह हमारे कांग्रेस विधायक दल के नेता हैं। विधायकों के लिए वह (सिद्धारमैया) सीएम हैं। उन्होंने अपनी राय रखी है। इसमें गलत क्या है हम (कर्नाटक के सीएम एचडी कुमारस्वामी) से खुशी हैं।'

**कैबिनेट की बैठक को रद्द किया गया**

गौरतलब है कि कर्नाटक में सत्तारूढ़ जेडीएस-कांग्रेस गठबंधन के बीच पिछले कई दिनों से सत्ता को लेकर टकराव जारी है। इसी टकराव का नतीजा है कि सोमवार को होने वाली कैबिनेट की बैठक को रद्द कर दिया गया है।' ताजा विवाद की शुरुआत उस समय हुई जब सिद्धारमैया के समर्थकों ने रविवार को एक इवेंट में उनका स्वागत किया। इस दौरान वह कांग्रेस के मंत्री सी पुत्तरंगा शेट्टी के साथ मौजूद थे। उनके समर्थकों ने यहां कहा कि अपने नेता (सिद्धारमैया) को अभी भी सीएम मानते हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी को मिले उपहारों की होगी नीलामी

### नमामि गंगे परियोजना में दी जाएगी एकत्रित राशि



**नई दिल्ली, (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेंट किए गए स्मृति चिह्नों को नीलाम करने की प्रक्रिया रविवार को शुरू हुई। राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय (एनजीएमए), दिल्ली में आयोजित नीलामी से जुटाई गई धनराशि का इस्तेमाल सरकार की महत्वपूर्ण 'नमामि गंगे' परियोजना में होगा। एनजीएमए में नीलामी 27 और 28 जनवरी को दोपहर 12 बजे से होगी।

उपहारों की ई-नीलामी के लिए एक खास वेबसाइट पीएममीमेंटो.जीओवी.इन शुरू की गई है। इस पर उपहारों का विवरण भी है। स्मृति चिह्न की कीमत 100 रुपये से 30,000 रुपये के बीच है। कीमत के आधार पर उपहारों के बारे में वेबसाइट पर सर्च किया जा सकता है। पीतल, चीनी मिट्टी, कपड़ा, कांच, सोना, धातु की सामग्री आदि के आधार पर उपहारों की श्रेणी बनाई गई है। ई-नीलामी 29 से 31 जनवरी तक होगी।

हरेक सामग्री का आकार, भार का विवरण भी है। प्रधानमंत्री को किसने वह उपहार दिया, इस बारे में भी बताया गया है। नीलामी में राधा-कृष्ण की भी एक मूर्ति भी है, जिसपर सोना चढ़ाया हुआ है। इसकी आधार कीमत 20,000 रुपये रखी गई है। सूरत में मांडवी नगर पालिका ने 4.76 किलोग्राम की यह मूर्ति प्रधानमंत्री को भेंट की थी।

सूची में सबसे महंगे स्मृति चिह्न में 2.22 किलोग्राम का एक सिल्वर प्लेट भी है, जिसकी कीमत 30,000 रुपये है। बीजेपी के पूर्व सांसद सी नरसिम्हन ने प्रधानमंत्री को यह उपहार दिया था।

## आज तकनीकी वस्त्रों पर मुंबई में होगा राष्ट्रीय सम्मेलन

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** केन्द्रीय सरकार के वस्त्र मंत्रालय 29 जनवरी को मुंबई में तकनीकी वस्त्रों पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन करेगा। इस आयोजन के दौरान टेक्नोसेक्स 2019 के लिए एक पूर्वालोकन भी किया जाएगा। सम्मेलन की अध्यक्षता केंद्रीय वस्त्र मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी द्वारा की जाएगी। भारत सरकार द्वारा तकनीकी वस्त्रों के लिए एचएसएन कोड जारी करना सम्मेलन की प्रमुख विशेषताओं में से एक होगा। सम्मेलन के दौरान तकनीकी वस्त्र मदों के प्रशासनिक समेकन, विनिर्माण संभावनाओं और आयात प्रतिस्थापन, जैसे अनेक तकनीकी और कपड़ा उद्योग के प्रख्यात व्यक्तित्व चर्चा करेंगे।

## अयोध्या मामला: सुप्रीम कोर्ट में 29 जनवरी को होने वाली सुनवाई टली



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट में अयोध्या मामले पर 29 जनवरी को होने वाली सुनवाई टल गई है। 2 दिन पहले ही सीजेआई रंजन गोगोई ने अयोध्या मामले की सुनवाई के लिए 5 सदस्यीय नई संवैधानिक बेंच का गठन किया था। सुप्रीम कोर्ट के अडिशनल रजिस्ट्रार लिस्टिंग की ओर से रविवार को जारी नोटिस के मुताबिक संवैधानिक बेंच में शामिल जस्टिस एस. ए. बोबडे 29 जनवरी को मौजूद नहीं रहेंगे, इस वजह से मामले की सुनवाई नहीं होगी।

जस्टिस यू. यू. ललित के मामले की सुनवाई से खुद को अलग करने के बाद नए बेंच का गठन किया गया है। पहले से सुनवाई की तारीख 29 जनवरी तय की गई थी लेकिन अब यह तारीख कैंसल कर दी गई है इसके बाद नई तारीख तय की जाएगी। बता दें कि चीफ जस्टिस रंजन गोगोई ने अयोध्या मामले की सुनवाई के लिए शुक्रवार को नई संवैधानिक बेंच का गठन किया। नई बेंच में जस्टिस अशोक भूषण और जस्टिस अब्दुल नजीर को शामिल किया गया है। बेंच के तीन अन्य जजों में सीजेआई, जस्टिस एस. ए. बोबडे और जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ शामिल हैं। इससे पहले, अयोध्या मामले के लिए गठित पुरानी बेंच से जस्टिस यू. यू. ललित ने खुद को दूर कर लिया था, जिसके बाद सीजेआई ने नई बेंच का गठन किया।

इस बीच योग गुरु स्वामी रामदेव ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए सरकार से कुछ करने की अपील की है। सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई टलने की सूचना आने से पहले रामदेव ने कहा, सुप्रीम कोर्ट या सरकार को निर्माण (राम मंदिर) के लिए कुछ करना चाहिए। अदालत द्वारा जल्द फैसले की तमाम संभावनाएं हैं, इसलिए मैं समझता हूं कि सरकार को कोई पहल करनी चाहिए।

**जस्टिस ललित के बेंच से अलग होने की वजह?**

कोर्ट में एक मुस्लिम पक्षकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव धवन ने कहा था कि जस्टिस ललित बतौर अधिवक्ता 1997 के आसपास एक संबंधित मामले में यूपी के तत्कालीन मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की ओर से पेश हुए थे।

## जींद उपचुनाव : केंद्रों पर मतदाताओं की सुबह से लगी लंबी कतारें

### मतदान के लिए पूरे क्षेत्र में की गई है कड़ी सुरक्षा व्यवस्था



**जींद (आरएनएस)।** हरियाणा के जींद विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिए मतदान शुरू हो गया है। ठंड के बावजूद मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुबह से लंबी कतारें लगी हैं। मतदान शाम चार बजे तक चलेगा। मतदान के लिए पूरे क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। मतदान केंद्रों के अंदर और बाहर भारी पुलिस बल तैनात है। मतदान शाम पांच बजे तक चलेगा। मतगणना 31 जनवरी को होगी।

कई मतदान केंद्रों पर ठंड के कारण सुबह सात बजे से ही मतदाताओं की कतारें लग गईं। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में मतदाताओं में वोटिंग के प्रति उत्साह नजर आ रहा है। कुछ मतदान केंद्रों पर ईवीएम खराब होने से मतदान बाधित होने की सूचना है। जलालपुर कला गांव के बूथ नंबर 146 में ईवीएम खराब होने से मतदान बाधित होने से तनाव पैदा हो गया है। मतदाताओं ने अधिकारियों पर इस बारे में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। सुबह जींद शहर के हिंदू कॉलेज में बनाए गए मतदान केंद्र पर भी ईवीएम गड़बड़ी आने से मतदान बाधित हुआ। जिले के गांव जुलानी में भी ईवीएम में दिक्कत आई। इससे वोटिंग बाधित हुआ। इस उपचुनाव को हरियाणा में लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव से पहले सेमीफाइनल मुकाबला माना जा रहा है। यही कारण है कि भाजपा, कांग्रेस सहित सभी दलों ने अपना पूरा जोर लगा दिया। यहां मुख्य मुकाबला भाजपा के कृष्ण मिड्ढ़ा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला और जननायक जनता पार्टी के दिग्विजय सिंह चौटाला के बीच माना जा रहा है। मतदान में सुरक्षा के लिए तीन हजार पुलिस कर्मियों, पांच सौ होमगार्ड के जवानों, दो कंपनी सीआरपीएफ और आरएएफ तैनात किसा गया है। 59 बूथ ऐसे हैं, जो संवेदनशील और अति संवेदनशील की श्रेणी में रखे गए हैं, जहां चुनाव आयोग को गड़बड़ होने की आशंका है। इन बूथों पर सीआरपीएफऔर आरएएफके जवान भी तैनात किए गए हैं। जींद उपचुनाव पर पूरे प्रदेश की निगाह टिकी हुई है। जाटलैंड जींद में 1 लाख 72 हजार 775 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इनमें 3565 लोग ऐसे हैं जो पहली बार मतदान करेंगे।